कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बदायूँ।

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बदायूँ परिसर में उपलब्ध पुराने कम्प्यूटर से संबंधित पुराने खराब कल-पुर्जे, पुराने प्रिंटर, मॉनीटर आदि की खुली बोली के द्वारा सार्वजनिक नीलामी दिनांक ..19/11/2026 को सायंकाल 4:30 बजे से 5.30 बजे जनपद न्यायालय बदायूँ के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी।

नीलामी की शर्तें निम्नवत है-

1. किसी भी ऐसे व्यक्ति को नीलामी में बोली लगाने का अधिकार नहीं होगा, जिस पर पिछले किसी भी ठेके का बकाया धन शेष हो।
2. नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रत्येक बोलीदाता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
3. प्रत्येक बोलीदाताओं को रू0 5,000/- (पाँच हजार रूपये) धरोहर राशि के रूप में बोली आरम्भ होने से पूर्व नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर उसे बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। बोलीदाता द्वारा जमा यह धनराशि बोली समाप्ति के उपरांत बोलीकर्ता को लौटा दी जावेगी।
4. सर्वोच्च बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली समाप्ति के उपरान्त बोली गयी सम्पूर्ण धनराशि नजारत कार्यालय में जमा करनी होगी, जिसके उपरान्त बोली की स्वीकृति की संस्तुति की जायेगी।
5. नीलामी स्वीकृत होने पर ठेकेदार को अंकन रु० 100 (एक सौ रूपये) के स्टाम्प पर मय नवीतम फोटो के अनुबंध करना होगा कि वह सभी शर्तों का पालन करेगा।
6. किसी भी बोली को स्वीकार करने अथवा समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार बिना किसी कारण बताये माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को होगा।
7. बोली स्वीकृत व अनुमोदित होने के उपरांत भी किसी भी समय वैधानिक शर्तों के विपरीत कार्य पाये जाने पर माननीय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को बिना नोटिस दिये बोली निरस्त करने का विवेकाधिकार सुरक्षित होगा।
8. अपरिहार्य परिस्थितियों में नीलामी तिथि को स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा

उक्त की नीलामी के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना के प्रकाशन के उपरान्त नीलामी दिवस से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे के मध्य केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय बदायूँ में सम्पर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।

(रिंकू)
अध्यक्ष, नीलामी समिति /
प्रथम अपर जिला जज, बदायूँ।

प्रतिलिपिः-सहायक नाजिर को निम्नलिखित सूचनापटों पर चस्पा करने हेतु प्रेषितः-

1. कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, बदायूँ।
3. कार्यालय तहसीलदार, सदर, बदायूँ।
4. कार्यालय नगर पालिका परिषद, बदायूँ।
5. रोडवेज, बदायूँ।
6. रेलवे स्टेशन, बदायूँ।
7. जिला अस्पताल, बदायूँ
8. नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर) नेट पर अपलोड करने हेतु।
9. शहर अमीन को सूचनार्थ।
10. निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, उ०प्र० लखनऊ (प्रकाशन हेतु)।

(रिंकू)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला जज, बदायूँ।